Headline: IFC raises Rs 180 cr via Maharaja bonds	
Source: Dainik Yashobhoomi	**Date:** 11 February 2016

आईएफसी ने महाराजा बांड के जरिए १८० करोड़ रु. जुटाए

मुंबई, विश्व बैंक समूह के अंग आईएफसी ने आज कहा कि 2.5 अरब डालर की पूंजी जुटाने के एक कार्यक्रम के तहत उसने रुपए में अंकित महाराजा बांड जारी कर 2.7 करोड़ डालर या 180 करोड़ रुपए जुटाए हैं। आईएफसी ने यहां एक बयान में कहा कि यह धन भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश किया जाएगा। ये बांड बांड नैशनल स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। कंपनी के उपाध्यक्ष और खजांची जिंगदोंग हुआ ने कहा, 'महाराजा बांड को पुनर्जारी कर हम भारत के रिण पूंजी बाजार के विकास में नया योगदान कर रहे हैं जबकि घरेलू बचत का उपयोग देश के बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए किया जा रहा है।